1. **दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत भारत में सामान्यतः किस महीने में होती है?**
   A. अप्रैल
   B. मई
   C. जून
   D. जुलाई (C)

*व्याख्या :* जून के पहले सप्ताह में दक्षिण-पश्चिम मानसून केरल तट पर प्रवेश करता है, जिससे वर्षा ऋतु प्रारंभ होती है।

2. **दक्षिण-पूर्वी व्यापारिक पवनें किस क्षेत्र को पार करके भारत में प्रवेश करती हैं?**
   A. आर्कटिक वृत्त B. कर्क रेखा
   C. भूमध्य रेखा D. मकर रेखा (C)

*व्याख्या :* दक्षिण-पूर्वी व्यापारिक पवनें भूमध्य रेखा को पार करने पर दक्षिण-पश्चिमी मानसूनी पवनों में परिवर्तित हो जाती हैं।

3. **मानसून के प्रस्फोट (Burst) का अर्थ क्या है?**
   A. तापमान का बढ़ना
   B. बिजली की गरज और तेज हवाओं के साथ अचानक वर्षा का प्रारंभ
   C. समुद्री तूफान
   D. धूल भरी आँधी (B)

*व्याख्या :* मानसून का प्रस्फोट तेज गर्जना, बिजली और आर्द्र पवनों के साथ वर्षा के अचानक प्रारंभ को दर्शाता है।

4. **मानसून भारत में प्रवेश करने के बाद मध्य जुलाई तक क्या स्थिति बनती है?**
   A. केवल दक्षिण भारत में वर्षा
   B. केवल हिमालय में वर्षा
   C. पूरे भारत में इसका विस्तार
   D. मानसून वापस लौटने लगता है (C)

*व्याख्या :* मध्य जून से मध्य जुलाई तक मानसून पूरे भारत में फैल जाता है।

5. **अरब सागर शाखा पश्चिमी घाट पर कितनी ऊँचाई तक चढ़ती है?**
   A. 500–700 मीटर
   B. 700–900 मीटर
   C. 900–1200 मीटर
   D. 1500 मीटर (C)

*व्याख्या :* अरब सागर की मानसून शाखा पश्चिमी घाट की ढलानों पर 900 से 1200 मीटर तक ऊपर चढ़ती है।

6. **पश्चिमी घाट की पवनमूखी ढाल पर औसत वर्षा कितनी होती है?**
   A. 50–100 सेमी
   B. 100–150 सेमी
   C. 150–250 सेमी
   D. 250–400 सेमी (D)

*व्याख्या :* पश्चिमी घाट की पवनमुखी ढालों पर 250–400 सेमी तक भारी वर्षा होती है।

7. **छोटा नागपुर पठार में अरब सागर शाखा से होने वाली वर्षा लगभग कितनी है?**
   A. 150 सेमी
   B. 200 सेमी
   C. 15 सेमी
   D. 50 सेमी (C)

*व्याख्या :* अरब सागरीय मानसून शाखा छोटा नागपुर पठार में केवल लगभग 15 सेमी वर्षा कराती है।

8. **तीसरी अरब सागरीय शाखा राजस्थान में कम वर्षा क्यों कराती है?**
   A. हवा में नमी अधिक होती है
   B. राजस्थान में बादल अधिक होते हैं
   C. अरावली पर्वत पवनों के समानांतर हैं
   D. पवनें ऊँचाई पर उठती हैं (C)

*व्याख्या :* अरावली पर्वतमाला पवनों के समानांतर होने के कारण मानसून पवनें ऊपर नहीं उठ पातीं, जिससे वर्षा कम होती है।

9. **बंगाल की खाड़ी शाखा का दूसरा भाग किस क्षेत्र से टकराता है?**
   A. अरावली B. नीलगिरि
   C. खासी और गारो पहाड़ D. सतपुड़ा (C)

*व्याख्या :* बंगाल की खाड़ी की मानसूनी पवनें मेघालय की खासी और गारो पहाड़ियों से टकराकर विश्व के सर्वाधिक वर्षा वाले क्षेत्र में वर्षा कराती हैं।

10. **मानसूनी पवनें तमिलनाडु तट पर वर्षा क्यों नहीं करातीं?**
    A. पवनें बहुत ठंडी होती हैं
    B. पवनें पर्वतों से टकराती हैं
    C. पवनें तट के समानांतर बहती हैं
    D. तापमान बहुत कम होता है (C)

*व्याख्या :* बंगाल की खाड़ी की पवनें तमिलनाडु तट के समानांतर बहती हैं, इसलिए वह वहाँ वर्षा नहीं करा पातीं।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App